# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर
**Indian Institute of Technology Indore**
Simrol, Khandwa Road, Indore- 453 552, India
www.iiti.ac.in

विज्ञापन सं. IITI/FACREC/2025/SEPT/07 26 सितंबर, 2025

**<u>संकाय सदस्य भर्ती हेतु विज्ञापन</u>**

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (आईआईटी इंदौर), जो कि एक राष्ट्रीय महत्व वाला संस्थान है, को वर्ष 2025 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा देश के शीर्ष 12 इंजीनियरिंग संस्थानों में स्थान दिया गया है। आईआईटी इंदौर ने नवाचार, अध्ययन, शिक्षण एवं अनुसंधान के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इसके साथ, इसने सभी नए आईआईटी के बीच लगातार उच्चतम एच-इंडेक्स रेटिंग हासिल की है। सर्वश्रेष्ठ छात्रों और शोधकर्ताओं के पसंदीदा विकल्प के साथ, संस्थान अनुसंधान, नवाचार और ऊष्मायन के लिए एक बेहतर परिवेश और आधारभूत संरचना की सुविधा प्रदान करता है।

2. आईआईटी इंदौर भारतीय नागरिकों और ओसीआई से **असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रेड I व II) और एसोसिएट प्रोफेसर** के स्तर पर संकाय सदस्य के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

3. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **17 अक्टूबर, 2025** है। पूर्ण आवेदन सभी संलग्नक के साथ **<u>17 अक्टूबर, 2025 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी)</u>** से पहले अपलोड किया जाना चाहिए।

4. कुल रिक्तियों की संख्या: 16 (अनारक्षित-4, ओबीसी-एनसीएल-02, एससी-02, एसटी-02, पीडब्ल्यूडी-05, ईडब्ल्यूएस-01)।

5. भर्ती, विभाग/विद्यालय (स्कूल) में उपलब्ध रिक्तियों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।

6. विद्यालय (स्कूल) और विभाग के निम्नलिखित क्षेत्रों में आवेदन आमंत्रित हैं:

| क्र. सं. | विद्यालय (स्कूल)/ विभाग | विशेषज्ञता | रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| (क) | नवाचार विद्यालय (स्कूल ऑफ़ इनोवेशन) | 1) डिज़ाइन एवं कम्यूनिकेशन<br>2) सिस्टम डिज़ाइन एवं इनोवेशन<br>3) प्रोजेक्ट प्लानिंग एवं मैनेजमेंट | असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रेड I व II) और एसोसिएट प्रोफेसर<br>*(कृपया क्रम संख्या 8 देखें)* |
| (ख) | यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) | 1)विनिर्माण संचालन प्रबंधन पर केंद्रित औद्योगिक इंजीनियरिंग, स्मार्ट विनिर्माण/उद्योग 4.0 और औद्योगिक डेटा विश्लेषण। | असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रेड I व II)<br>*(कृपया क्रम संख्या 9 देखें)* |

7. इसके अलावा, आईआईटी इंदौर के बारे में अधिक जानकारी के लिए <u>www.iiti.ac.in</u> पर उपलब्ध है।

8. **<u>नवाचार विद्यालय (स्कूल ऑफ़ इनोवेशन) के लिए न्यूनतम योग्यता और अनुभव आवश्यकताएँ।</u>**

अस‍िस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I व II और एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए न्यूनतम आवश्यकताएँ इस प्रकार हैं:

**(क) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II:**

(i) **<u>शैक्षणिक योग्यता</u>**: संबंधित क्षेत्र में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

**<u>वांछित:</u>** इसके अतिरिक्त, आईआईटी, एनआईडी या अन्य अग्रणी संस्थानों से डिजाइन/आर्ट्स/अप्लाइड आर्ट्स में स्नातक और/या स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।

(ii) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II का पद अनुबंध के आधार पर होगा।

(iii) **<u>आयु:</u>** अधिकतम 32 वर्ष

**(ख) <u>असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I</u>:**

(i) **<u>शैक्षणिक योग्यता</u>**: संबंधित क्षेत्र में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

**<u>वांछित:</u>** इसके अतिरिक्त, आईआईटी, एनआईडी या अन्य अग्रणी संस्थानों से डिजाइन/आर्ट्स/अप्लाइड आर्ट्स में स्नातक और/या स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।

(ii) **<u>अनुभव</u>:** न्यूनतम **तीन वर्ष** का औद्योगिक/अनुसंधान/शिक्षण अनुभव, **लेकिन, पीएच.डी. करते समय प्राप्त अनुभव को छोड़कर।**

(iii) **<u>आयु:</u>** अधिकतम 35 वर्ष

**(ग) <u>एसोसिएट प्रोफेसर:</u>**

(i) **<u>शैक्षणिक योग्यता</u>**: संबंधित क्षेत्र में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

(ii) **<u>वांछित:</u>** इसके अतिरिक्त, आईआईटी, एनआईडी या अन्य अग्रणी संस्थानों से डिजाइन/आर्ट्स/अप्लाइड आर्ट्स में स्नातक और/या स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।

(iii) **<u>अनुभव</u>:** न्यूनतम **छह वर्ष** का शिक्षण/औद्योगिक/अनुसंधान अनुभव, जिसमें से **कम से कम तीन वर्ष का अनुभव** असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी/वरिष्ठ डिजाइन इंजीनियर के स्तर पर होना चाहिए।

9. **<u>यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) विभाग के लिए न्यूनतम योग्यता और अनुभव आवश्यकताएँ।</u>**

असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I व II पद के लिए न्यूनतम आवश्यकताएँ इस प्रकार हैं:

**(क) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II:**

(i) **<u>शैक्षणिक योग्यता</u>**: संबंधित क्षेत्र में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

(ii) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II का पद अनुबंध के आधार पर होगा।

(iii) **<u>आयु:</u>** अधिकतम 32 वर्ष

**(ख) <u>असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I</u>:**

(i) **<u>शैक्षणिक योग्यता</u>**: संबंधित क्षेत्र में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

(ii) **<u>अनुभव</u>:** न्यूनतम **तीन वर्ष** का औद्योगिक/अनुसंधान/शिक्षण अनुभव, **लेकिन, पीएच.डी. करते समय प्राप्त अनुभव को छोड़कर।**

(iii) **<u>आयु:</u>** अधिकतम 35 वर्ष

10. **<u>वेतन संरचना:</u>**

7वें सीपीसी के अनुसार विभिन्न पदों के लिए वेतन संरचना इस प्रकार है:

| **<u>पद</u>** | **<u>वेतन स्तर</u>** | **<u>न्यूनतम मूल वेतन/माह (₹)</u>** | **<u>एचआरए सहित कुल परिलब्धियाँ* (₹)</u>** |
|---|---|---|---|
| असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II | 10 | 70,900/- | 1,35,235/- |
| असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I | 12 | 1,01,500/- | 1,88,785/- |
| एसोसिएट प्रोफेसर | 13A2 | 1,39,600/- | 2,55,460/- |

* यदि परिसर में आवास उपलब्ध कराया जाता है, तो एचआरए नहीं मिलेगा।

**इन पदों पर भारत सरकार के नियमों के अनुसार डीए, एचआरए और परिवहन भत्ता (टीए) जैसे भत्ते दिए जाते हैं, जो वर्तमान में इंदौर में तैनात केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य हैं। एलटीसी, बाल शिक्षा भत्ता और नई पेंशन योजना (एनपीएस) में योगदान का लाभ भारत सरकार के नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा।**

11. **<u>सहायता/भत्ते/सुविधाएँ:</u>** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार प्रदान की जाने वाली अन्य सहायता/भत्ते इस प्रकार हैं

(क) <u>संचयी व्यावसायिक विकास भत्ता (सीपीडीए):</u> सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत करने और पेशेवर निकायों की सदस्यता शुल्क और अकादमिक/अनुसंधान से संबंधित आकस्मिक व्यय के लिए प्रतिपूर्ति के आधार पर, 3 वर्ष की प्रत्येक ब्लॉक अवधि के लिए 3 लाख रुपये का सीपीडीए उपलब्ध कराया जा सकता है।

(ख) <u>स्थानांतरण भत्ता:</u> स्वयं और जीवनसाथी के लिए हवाई किराया और वस्तुओं के परिवहन की लागत की प्रतिपूर्ति के लिए विदेश से चयनित होने वाले संकाय सदस्यों के लिए ₹1,00,000/- तक के स्थानांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति। भारत के भीतर से चयनित होने वाले संकाय सदस्यों हेतु, ₹75,000/- तक की प्रतिपूर्ति में स्वयं और परिवार के आने का किराया एवं वस्तुओं का परिवहन शुल्क। **भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, हवाई यात्रा के लिए टिकट आईआरसीटीसी या अधिकृत ट्रैवल एजेंटों जैसे मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड और मेसर्स अशोक ट्रेवल्स एंड टूर्स (वेबसाइट/बुकिंग काउंटर/कार्यालय के माध्यम से) से बुक किया जाना चाहिए। किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग दावे के लिए स्वीकार्य नहीं होगी।**

(ग) <u>चिकित्सा सुविधा:</u> इंदौर के प्रमुख अस्पतालों में कैशलेस आउट-पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) और इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) चिकित्सा सुविधा तथा कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए बेहतरीन सुसज्जित संस्थान स्वास्थ्य केंद्र।

(घ) <u>बाल शिक्षा भत्ता (सीईए):</u> सीईए की प्रतिपूर्ति स्कूल जाने वाले दो सबसे बड़े बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए लागू होगी, यानी कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार प्रति बच्चा ₹2,812.50/- प्रतिमाह की दर से।

(ङ) <u>संचार शुल्क:</u> संचार शुल्क की प्रतिपूर्ति संस्थान/भारत सरकार के नियमों के अनुसार की जाएगी।

(च) <u>आवास सुविधा:</u> संस्थान सभी संकाय सदस्यों के लिए उपयुक्त आवास प्रदान करने का प्रयास करता है। उपलब्धता के अनुसार, कर्मचारी को एचआरए के बदले में संस्थान के परिसर में आवास/निवास प्रदान किया जा सकता है। संस्थान में पदभार ग्रहण करने के बाद, शुरुआती 21 दिनों के लिए गेस्ट हाउस/हॉस्टल में आवास उपलब्ध कराया जा सकता है।

(छ) <u>अनुसंधान एवं विकास सुविधाएँ:</u> सभी विभागों और केंद्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए सुविधाएँ मौजूद हैं। इन्हें समसामयिक उपकरणों और सेवाओं के साथ लगातार आधुनिक बनाया जा रहा है। कंप्यूटिंग के लिए भी अच्छी सुविधाएँ मौजूद हैं। इसके साथ, संस्थान में एक समृद्ध पुस्तकालय है।

(ज) <u>यंग फैकल्टी इंटरनेशनल ड्रीम लैब रिसर्च एक्सपीरियंस ग्रांट:</u> युवा संकाय सदस्यों को दुनिया भर के प्रमुख संस्थानों/विश्वविद्यालयों में विजिट करने का अवसर प्रदान करके, अत्याधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में उच्च-स्तरीय अनुसंधान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ₹5 लाख तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

(झ) <u>युवा संकाय सदस्य के साथ स्नातक छात्रों के लिए अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना:</u> आईआईटी इंदौर में नामांकित स्नातक छात्रों के साथ अनुसंधान और नवाचार के लिए मिलकर काम करने हेतु युवा संकाय सदस्यों को ₹5 लाख तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

(ञ) <u>सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी विकास के लिए रिसर्च सीड ग्रांट</u>: प्रौद्योगिकी को व्यावसायीकरण की ओर ले जाने के लिए 5 सर्वोत्तम तकनीकों के लिए ₹2 लाख का सीड ग्रांट प्रदान किया जाएगा।

(ट) <u>अन्य सुविधाएँ:</u> परिसर में दिन-प्रतिदिन की अधिकांश सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिसमें बैंक, डाकघर, लघु शॉपिंग सेंटर, बच्चों के लिए केन्द्रीय विद्यालय, बेहतरीन सुसज्जित अस्पताल, खेल सुविधाएँ और मैदानी खेलों के लिए खेल का बड़ा मैदान शामिल है।

12. **<u>एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस आवेदकों के लिए आरक्षण और छूट</u>**. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल और दिव्यांग आवेदकों के लिए भारत सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण और छूट लागू है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अधिकृत अधिकारियों द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मान्य एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13. **आवेदन को शैक्षणिक योग्यता के पूर्ण विवरण के साथ पूरा किया जाना चाहिए, जिसमें पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करने का वर्ष, डिफेंस की तारीख और प्रकाशनों की सूची (बेहतरीन शोध पत्रों के पुनर्मुद्रण के साथ), शिक्षण / अनुसंधान / औद्योगिक अनुभव, जन्मतिथि प्रदान करने के साथ-साथ कम से कम तीन रेफरी के नाम और संपर्क विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के आवश्यक विवरण शामिल है।**

14. **<u>सामान्य निर्देश:</u>**

(क) जिन आवेदकों पर पुराने विज्ञापनों के तहत पहले शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया था, उन्हें नए सिरे से आवेदन करना होगा।

(ख) यदि एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन सबमिट करना होगा।

(ग) **उम्मीदवार द्वारा प्राप्त डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान की गई होनी चाहिए। पीएचडी डिफेंस की तारीख सहित सभी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र सबमिट/अपलोड करना होगा। पदनाम, वेतन और कार्यकाल का उल्लेख करने वाले सभी अनुभव प्रमाणपत्र नियोक्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और सील किए जाने चाहिए।**

(घ) विदेशी पासपोर्ट वाले व्यक्तियों के लिए विदेश और गृह मंत्रालय से राजनीतिक और सुरक्षा मंजूरी हर मामले में आवश्यक है।

(ङ) संस्थान केवल उन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिन्हें उनकी योग्यता, अनुभव, शोध, प्रकाशन रिकॉर्ड और व्यक्तिगत शैक्षणिक विद्यालय (स्कूल)/ विभाग की आवश्यकताओं के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया है।

(च) केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से कोई भी आवेदक साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट होने का हकदार नहीं होगा।

(छ) किसी पद के लिए केवल पी.एच.डी. के बाद के अनुभव की आवश्यकता को पूरा करने से आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग की गारंटी नहीं होगी।

(ज) आवेदन पर केवल आवेदित पद के लिए ही विचार किया जाएगा।

(झ) संस्थान उपरोक्त/और या किसी अन्य विशेषज्ञता/विभाग/विद्यालय (स्कूल) में पदों को बढ़ाने या घटाने तथा भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है। संस्थान को विभाग/ विद्यालय (स्कूल) की विशिष्ट आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, चयन करते समय भिन्न और उच्चतर मानदंड निर्धारित करने का अधिकार है।

(ञ) शॉर्टलिस्टिंग मानदंडों के आधार पर, आवेदनों को प्रोसेस किया जाएगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों से उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जाएगा।

(ट) यदि आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें मूल प्रमाण पत्र और स्व-सत्यापित फोटोकॉपी लानी होगी, ऐसा न करने पर उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(ठ) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए आवेदकों को भारत में उनके वर्तमान निवास के निकटतम शहर से सबसे छोटे मार्ग से इकोनॉमी क्लास द्वारा आने-जाने के हवाई किराए या II एसी रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, हवाई यात्रा/रेल यात्रा के लिए टिकट **आईआरसीटीसी या अधिकृत ट्रैवल एजेंटों जैसे मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड और मेसर्स अशोक ट्रेवल्स एंड टूर्स** (वेबसाइट/बुकिंग काउंटर/कार्यालय के माध्यम से) से बुक किया जाना चाहिए। **किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग दावे के लिए स्वीकार्य नहीं होगी।**

(ड) विदेश से आने वाले आवेदकों का आम तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा और ऐसे आवेदकों के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। यदि चयन समिति की बैठक के समय विदेश के आवेदक भारत में हैं, तो बुलाए जाने पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार में भाग लेना होगा।

(ढ) साक्षात्कार के संचालन और परिणाम तथा साक्षात्कार या चयन के लिए न बुलाए जाने के कारणों के संबंध में आवेदकों से किसी भी तरह के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ण) **सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त निकाय या संस्थान और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आवेदकों को अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजना होगा। अन्यथा, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।**

(त) आवेदन में दी गई जानकारी की सत्यता के लिए आवेदक पूरी तरह जिम्मेदार है। यदि बाद में पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी है, तो उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

(थ) आईआईटी इंदौर शिक्षण और अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। इसलिए महिला आवेदकों को इन पदों के लिए आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

(द) पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले दिव्यांग आवदकों सहित सभी आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(ध) संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी समय किसी भी विज्ञापित पद को हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

15. **<u>आवेदन प्रक्रिया और आवेदन पत्र जमा करना:</u>**

(क) उम्मीदवार को वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा: Click here to apply ONLINE. **आवेदन को पूरे करने के निर्देश आवेदन वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कृपया आवेदन भरते समय उन निर्देशों को देखें।**

(ख) सभी प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ **पीडीएफ फाइल** में अपलोड किए जाने हैं।

(ग) ऊपर दिए गए लिंक में आवेदन ऑनलाइन भरना **अनिवार्य** है। स्क्रीनिंग के लिए केवल ऑनलाइन भरे गए आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। हार्ड कॉपी या ईमेल के माध्यम से सॉफ्ट कॉपी जमा करना स्वीकार्य नहीं होगा।

(घ) **अभ्यर्थी को भविष्य के लिए भरे हुए आवेदन पत्र की एक प्रति अपने पास रखना होगा।**

(ङ) आवेदकों को **fac.recruit@iiti.ac.in** पर ईमेल द्वारा संदर्भ पत्र भेजने के लिए रेफरी से संपर्क करना होगा।

(च) किसी भी सहायता के लिए, कृपया **fac.recruit@iiti.ac.in** पर ईमेल करें या सोमवार से शुक्रवार के बीच सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक +91(0)731-6603556/3488 (एक्सटेंशन 3556/3488) पर कॉल करें।

# विज्ञापन के हिंदी संस्करण में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**अधोहस्ताक्षरी**/-
**कुलसचिव**